पत्र संख्या–१३/वि०मं०–३८/२०२४ सा० 200 /
बिहार सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

योगेन्द्र ठाकुर,
सरकार के अवर सचिव ।

सेवा में,

सचिव,
सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना ।

पटना–१५, दिनांक – 08 जुलाई, २०२४

विषय – मा० श्रीमती शशि यादव, स०वि०प० द्वारा बिहार विधान परिषद् के २०७ वें सत्र में पूछा जाने वाला ऑन–लाईन तारांकित प्रश्न संख्या–०१/२०७/२३८ के हस्तांतरण के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक बिहार विधान परिषद् सचिवालय के बेवसाईट से प्राप्त ऑन–लाईन तारांकित प्रश्न संख्या–०१/२०७/२३८ द्वारा इस विभाग के लॉगिन में प्राप्त है । आलोच्य तारांकित प्रश्न संख्या–०१ / २०७ / २३८ का विषयवस्तु "बेल्ट्रॉन द्वारा नियोजित आउटसोर्स मानदेय कर्मियों को सीधे अपने अधीनस्थ करने का विचार रखती है, से संबंधित है ।" आलोच प्रश्न की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि आलोच्य ऑन–लाईन तारांकित प्रश्न का उत्तर ससमय बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय तथा इसकी प्रति सामान्य प्रशासन विभाग को भी दी जाए। इस आशय की सूचना बिहार विधान परिषद् सचिवालय,बिहार, पटना को दी जा रही है ।
अनु०–यथोक्त ।

विश्वासभाजन,
08.7.24
सरकार के अवर सचिव ।

ज्ञापांक–१३/वि०मं०–३८/२०२४ सा० 200 /पटना–१५, दिनांक 08 जुलाई, 2024

प्रतिलिपि–प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना के बेवसाईट से प्राप्त ऑन–लाईन तारांकित प्रश्न संख्या–०१ /२०७ / २३८ के क्रम में प्रेषित तथा अनुरोध है कि उक्त तारांकित प्रश्न को सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना की सूची से विलोपित कर सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना की सूची में रखने की कृपा की जाय ।

2. उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित ।

08.7.24
सरकार के अवर सचिव ।

ज्ञापांक–१३/वि०मं०–३८/२०२४ सा० 200 /पटना–१५, दिनांक 08 जुलाई, 2024

प्रतिलिपि – आई०टी० मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध है कि बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

08.7.24
सरकार के अवर सचिव ।

बिहार विधान परिषद् प्रश्न
Bihar Legislative Council
207 Monsoon Session

**STARRED QUESTION**

**Starred D. No.**
1/207/238

**Received Date**
01/07/2024

**Notice of Admission sent on:**
03/07/2024

**Sent Date to Department**
03/07/2024

| | |
|---|---|
| subject: | अरबों रुपए का नुकसान |
| Member | Smt. Shashi Yadav(Legislative Assembly) |
| Department | General Administration |

STARRED QUESTION General Administation be pleased to state that:

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बेल्ट्रान) बिहार सरकार का उपक्रम है जो सरकार के आईटी विभाग का एक कार्यकारी विंग है;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार के विभिन्न विभागों / कार्यालयों में दशकों से डाटा एंट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामर/ आईटी गर्ल व आईटी बॉय की सेवा आउटसोर्स एजेंसी बेल्ट्रॉन द्वारा लिया जा रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि बेल्ट्रान द्वारा नियोजित आउटसोर्स कर्मियों के मासिक मानदेय भुगतान में सेवा कर व जीएसटी राशि की कटौती की जाती है जिससे प्रति वर्ष सरकार को अरबों रुपए का नुकसान झेलना पड़ रहा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बेल्ट्रान द्वारा नियोजित आउटसोर्स मानदेय कर्मियों को सीधे अपने अधीनस्थ करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक,नहीं तो क्यों ?

D.No-2288/शा०-13
04/07/2024